रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 14/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** अनवर का वेतन ₹11,000 प्रति माह है। वह ₹6,000 घर के किराए पर और ₹3,000 बिलों पर खर्च करता है, और बाकी रकम उसकी मासिक बचत है। यदि उसके जन्मदिन के महीने में, उसने अपनी सारी मासिक बचत जन्मदिन मनाने पर खर्च कर दी, तो एक वर्ष में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात करें।

**Ans**
✔ 1. 22,000
✘ 2. 20,000
✘ 3. 24,000
✘ 4. 18,000

**Q.2** एमएस पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन को सेव करते समय, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सबसे उपयुक्त होगा, यदि प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रेजेंटेशन उन प्राप्तकर्ताओं के लिए डिफ़ॉल्ट रूप से स्लाइड-शो व्यू (slideshow view) में ओपन होता है जिनके पास एमएस पावरपॉइंट इंस्टॉल नहीं है?

**Ans**
✘ 1. OpenDocument Presentation (.odp)
✘ 2. PDF (.pdf)
✔ 3. PowerPoint Show (.ppsx)
✘ 4. PowerPoint Presentation (.pptx)

**Q.3** यदि 18 : A :: A : 128 है, तो A का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✘ 1. 50
✘ 2. 47
✘ 3. 45
✔ 4. 48

**Q.4** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 205 712 237 862 578 (दाएं)

(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक और सबसे छोटी संख्या के पहले अंक का योगफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✘ 1. 3
✘ 2. 6
✘ 3. 5
✔ 4. 4

**Q.5** निम्नलिखित में से किसे 'भारत का इस्पात शहर' कहा जाता है?

**Ans**
✘ 1. पिलानी
✘ 2. अंकलेश्वर
✔ 3. जमशेदपुर
✘ 4. इंदौर

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**70,000+**
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

**600+**
Exam Covered

Previous Year
Papers

**500%**
Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

**Q.6** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 7 2 2 € 9 8 1 9 * 8 € 2 4 9 7 2 * $ & * 6 $ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 8
- ✗ 2. 7
- ✗ 3. 5
- ✓ 4. 6

**Q.7** यदि आठ-अंकीय संख्या 59044p22, 6 से विभाज्य है, तो p का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 7
- ✗ 2. 8
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 6

**Q.8** एक घनाभ की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 50 cm और 75 cm है। यदि विकर्ण की लंबाई $17\sqrt{29}$ cm है, तो घनाभ का आयतन ($cm^3$ में) कितना है?

**Ans**
- ✓ 1. 60,000
- ✗ 2. 59,995
- ✗ 3. 60,002
- ✗ 4. 60,008

**Q.9** उत्तर भारत का विशाल मैदान किस नाम से प्रसिद्ध है?

**Ans**
- ✗ 1. उत्तरी दक्कन का मैदान
- ✗ 2. यमुना घाटी का मैदान
- ✓ 3. सिंधु-गंगा-ब्रह्मपुत्र का मैदान
- ✗ 4. हिमालय का तलहटी मैदान

**Q.10** निम्नलिखित बंटन की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 150-200 | 200-250 | 250-300 | 300-350 | 350-400 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 20 | 19 | 32 | 27 | 12 |

**Ans**
- ✗ 1. 286
- ✓ 2. 275
- ✗ 3. 261
- ✗ 4. 293

**Q.11** पानी की एक टंकी को समान क्षमता के 4 पाइपों का उपयोग करके 48 मिनट में भरा जा सकता है। यदि दी गई समान क्षमता के 26 पाइपों का उपयोग किया जाए, तो पानी की टंकी कितने मिनट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) में भर जाएगी?

**Ans**
- ✗ 1. 16.48
- ✗ 2. 3.17
- ✗ 3. 11.99
- ✓ 4. 7.38

| | |
|---|---|
| Q.12 | P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। R की परीक्षा बुधवार को है। R और Q के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। V की परीक्षा S के ठीक बाद है और T की परीक्षा S से ठीक पहले है। P और S के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। रविवार को किसकी परीक्षा है? |
| Ans | ✗ 1. S<br>✓ 2. Q<br>✗ 3. T<br>✗ 4. P |

| | |
|---|---|
| Q.13 | जब 10% वार्षिक ब्याज दर से तीन वर्षों के लिए वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹217 है, तो मूलधन ₹_____ है। |
| Ans | ✗ 1. 6,425<br>✗ 2. 8,200<br>✓ 3. 7,000<br>✗ 4. 7,420 |

| | |
|---|---|
| Q.14 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज़ के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C, B के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। A, G के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। G, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D, E के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। A के बाएं गिनने पर, A और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ 1. चार<br>✓ 2. दो<br>✗ 3. एक<br>✗ 4. एक भी नहीं |

| | |
|---|---|
| Q.15 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी फल, केले हैं।<br>कुछ केले, हरे हैं।<br>सभी हरे, पत्ते हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ फल, केले हैं।<br>(II) कुछ हरे, पत्ते हैं। |
| Ans | ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है<br>✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है<br>✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है<br>✓ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |

| | |
|---|---|
| Q.16 | निम्नलिखित में से कौन-सा, माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में वर्कबुक को सेव करने का वैध तरीका नहीं है? |
| Ans | ✗ 1. 'File' → 'Save' पर क्लिक करना<br>✓ 2. 'File' → 'Close' का उपयोग करना<br>✗ 3. 'File' → 'Save As' को सिलैक्ट करना<br>✗ 4. 'Ctrl + S' प्रैस करना |

Adda247

Q.17 उस त्रिक का चयन करें जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

TY-OT-JO
AF-VA-QV

Ans
1. PU-LP-FK ✗
2. FK-AE-VA ✗
3. LQ-GL-CG ✗
4. CH-XC-SX ✓

Q.18 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार को शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। P की परीक्षा गुरुवार को होती है। T की परीक्षा P से ठीक पहले होती है, और V की परीक्षा P के ठीक बाद होती है। U और Q के बीच केवल 3 लोगों की परीक्षा होती है। R की परीक्षा Q के ठीक बाद होती है। Q और S के बीच कितने लोगों की परीक्षा होती है?

Ans
1. 3 ✗
2. 2 ✗
3. 4 ✓
4. 1 ✗

Q.19 परमहंस सभा की स्थापना कब की गई थी?

Ans
1. 1865 ✗
2. 1849 ✓
3. 1857 ✗
4. 1875 ✗

Q.20 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'COAT' को '2486' के रूप में और 'PALE' को '5712' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 8 ✗
2. 7 ✗
3. 5 ✗
4. 2 ✓

Q.21 भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय के अनुसार, 10 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाले शहर को किस प्रकार की शहरी बस्ती के रूप में वर्गीकृत किया जाता है?

Ans
1. टाउन (Town) ✗
2. मेट्रोपॉलिटन सिटी (Metropolitan City) ✗
3. मेट्रो टाउन (Metro town) ✗
4. मेगा सिटी (Mega City) ✓

Q.22 एक रेलगाड़ी रेलवे ट्रैक के किनारे चल रहे दो व्यक्तियों को ओवरटेक करती है। पहला व्यक्ति 12.6 km/hr की चाल से चलता है। दूसरा व्यक्ति 30.6 km/hr की चाल से चलता है। उन्हें ओवरटेक करने में रेलगाड़ी को क्रमशः 19.8 और 25.8 सेकंड लगते हैं। यदि दोनों व्यक्ति रेलगाड़ी की दिशा में ही चल रहे हैं, तो रेलगाड़ी की चाल कितनी है?

Ans
1. 94 km/hr ✗
2. 80 km/hr ✗
3. 90 km/hr ✓
4. 96 km/hr ✗

Q.23 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, हिंदी के प्रसार और विकास को बढ़ावा देता है?

Ans
1. अनुच्छेद 349 ✗
2. अनुच्छेद 351 ✓
3. अनुच्छेद 350 ✗
4. अनुच्छेद 348 ✗

Adda247

Q.24 एक फैक्ट्री में सभी श्रमिकों का औसत वेतन ₹14,000 है। 80 कुशल श्रमिकों का औसत वेतन ₹15,000 है और शेष श्रमिकों का औसत वेतन ₹12,000 है। फैक्ट्री में श्रमिकों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 150
2. 110
3. 140
4. 120 ✔

Q.25 X की वर्तमान आयु का 2 गुना, Y की वर्तमान आयु के 6 गुने से 7 वर्ष कम है। वर्तमान में, P की आयु X की आयु से 2 गुना है, तथा Y, Q से 8 वर्ष छोटा है। यदि P, Q से 50 वर्ष बड़ा है, तो Y की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
1. 5
2. 18
3. 12
4. 13 ✔

Q.26 $\sqrt{385+\sqrt{213+\sqrt{144}}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20 ✔
2. 24
3. 23
4. 19

Q.27 1820-21 में, किस जनजातीय समूह ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के रूप में जाने जाने वाले क्षेत्र में अधिकारियों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया, जिसका बाद में अंग्रेजों ने दमन कर दिया था?

Ans
1. खासी जनजाति (Khasi tribes)
2. हो जनजाति (Ho tribes) ✔
3. संथाल जनजाति (Santhal tribes)
4. मुंडा जनजाति (Munda tribes)

Q.28 रामगुप्त की विधवा का क्या नाम था, जिससे चन्द्रगुप्त द्वितीय ने शक राजा को हराने के बाद विवाह किया था?

Ans
1. ध्रुवदेवी ✔
2. कुबेरनाग
3. देवती देवी
4. यशोमती

Q.29 एक दुकानदार ने ₹560 प्रति दर्जन की दर से 83 दर्जन वस्तुएं खरीदी। उसने उनमें से प्रत्येक को ₹49 की दर से बेचा। उसे कितने प्रतिशत लाभ हुआ?

Ans
1. 5% ✔
2. 3%
3. 8%
4. 7%

Q.30 A, B, C, D, G, H और I एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G, D के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। B, C के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। C, A के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। I, D के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। H के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. C
2. A
3. D
4. I ✔

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.31 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

31 ÷ 15 − 1017 × 9 + 22 = ?

Ans
✔ 1. 556
✘ 2. 552
✘ 3. 554
✘ 4. 558

Q.32 रोहन की पॉकेट में ₹$(3x^2 + 5xy + 7y^2)$ है। उसने इसमें से ₹$(2x^2 + 5xy + 4y^2)$ खर्च कर दिए। रोहन के पास कितनी धनराशि शेष बची?

Ans
✔ 1. ₹$(x^2 + 3y^2)$
✘ 2. ₹$(x^2 - 3y)^2$
✘ 3. ₹$(x^2 - 3y^2)$
✘ 4. ₹$(x^2 + 3y)^2$

Q.33 यदि संख्या 5746238 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
✘ 1. 8
✔ 2. 9
✘ 3. 11
✘ 4. 15

Q.34 एक व्यापारी अपने माल पर लागत मूल्य से 65% अधिक मूल्य अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 59% की छूट देता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 33.53% हानि
✘ 2. 32.07% लाभ
✔ 3. 32.35% हानि
✘ 4. 33.88% लाभ

Q.35 राजकोषीय समेकन समष्टिगत आर्थिक सुधारों का लक्ष्य बना हुआ है। मूल FRBM अधिनियम 2003 के तहत सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के प्रतिशत के रूप में लक्षित राजकोषीय घाटा कितना था?

Ans
✔ 1. 3%
✘ 2. 4%
✘ 3. 3.5%
✘ 4. 2%

Q.36 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसमें से 5 घटाने पर वह 20, 15, 14 और 22 से विभाज्य हो।

Ans
✘ 1. 4578
✘ 2. 4612
✔ 3. 4625
✘ 4. 4586

Q.37 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CARE' को '5391' के रूप में और 'RIBS' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✘ 1. 2
✘ 2. 8
✔ 3. 5
✘ 4. 9

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.38** दो नल एक टंकी को क्रमशः 2 घंटे और 81 घंटे में भर सकते हैं। एक तीसरा नल इसे 81 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ 1. 5
- ✓ 2. 2
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 4

**Q.39** एक टचस्क्रीन टैबलेट का अंकित मूल्य ₹500 है। इसे 20% और 25% की दो क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है। नकद भुगतान पर 19% की अतिरिक्त छूट दी जाती है। नकद भुगतान पर टचस्क्रीन टैबलेट का विक्रय मूल्य (₹ में) कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 242
- ✗ 2. 245
- ✗ 3. 246
- ✓ 4. 243

**Q.40** जनवरी 2025 में, नमदाफा टाइगर रिजर्व में एक कैमरा ट्रैप ने 12 वर्ष बाद एक हाथी को कैद (कैप्टर) किया, जो किस भारतीय राज्य में हाथियों की उपस्थिति का संकेत देता है?

Ans
- ✓ 1. अरुणाचल प्रदेश
- ✗ 2. मेघालय
- ✗ 3. असम
- ✗ 4. नागालैंड

**Q.41** किसी ऑपरेटिंग सिस्टम के भीतर वर्चुअल फ़ाइल सिस्टम (VFS) लेयर का उपयोग करने का प्राथमिक लाभ क्या है?

Ans
- ✗ 1. भौतिक भंडारण उपकरणों को सीधे प्रबंधित करना
- ✗ 2. एकल फ़ाइल सिस्टम के लिए फ़ाइल संग्रहण और पुनर्प्राप्ति के निम्न-स्तरीय विवरण को हैंडल करना
- ✓ 3. एप्लिकेशन को विभिन्न फ़ाइल सिस्टम तक पहुंचने के लिए एक सुसंगत इंटरफ़ेस प्रदान करना
- ✗ 4. विशिष्ट फ़ाइल सिस्टम प्रकारों के लिए डिस्क एक्सेस गति को अनुकूलित करना

**Q.42** यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '–' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है और '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11 − 91 × 7 ÷ 83 + 27 = ?

Ans
- ✗ 1. 193
- ✗ 2. 210
- ✓ 3. 199
- ✗ 4. 184

**Q.43** एक परिदृश्य पर विचार करें जहां एक उपयोगकर्ता एक ग्राफ़िकल एप्लिकेशन के साथ इंटरैक्ट कर रहा है। कंप्यूटर सिस्टम का कौन-सा घटक मॉनिटर पर प्रदर्शित दृश्य तत्वों को प्रस्तुत करने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है?

Ans
- ✓ 1. ग्राफ़िक्स प्रोसेसिंग यूनिट (GPU)
- ✗ 2. रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM)
- ✗ 3. सेन्ट्रल प्रॉसेसिंग यूनिट (CPU)
- ✗ 4. मदरबोर्ड चिपसेट

**Q.44** पाइका (Paika), निम्नलिखित में से किस राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य है?

Ans
- ✗ 1. गुजरात
- ✗ 2. पंजाब
- ✗ 3. राजस्थान
- ✓ 4. झारखंड

| | |
|---|---|
| Q.45 | चौरी चौरा में हुई हिंसक घटना के बाद महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया था। चौरी चौरा वर्तमान में किस राज्य में स्थित है? |
| Ans | ✔ 1. उत्तर प्रदेश<br>✘ 2. बिहार<br>✘ 3. राजस्थान<br>✘ 4. मध्य प्रदेश |

| | |
|---|---|
| Q.46 | एक व्यक्ति ने 6% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 2 वर्षों के लिए ₹50,500 निवेश किया। 2 वर्षों के बाद उसे मिलने वाली राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. 7,060<br>✘ 2. 6,060<br>✔ 3. 56,560<br>✘ 4. 57,560 |

| | |
|---|---|
| Q.47 | एक बफर विलयन में [$CH_3COOH$] = 0.1 M और [$CH_3COO^-$] = 0.1 M है। यदि $CH_3COOH$ का pKa, 4.76 है, तो इसका pH कितना है? |
| Ans | ✘ 1. 7.00<br>✘ 2. 5.76<br>✔ 3. 4.76<br>✘ 4. 3.76 |

| | |
|---|---|
| Q.48 | 30 - [30 - {30 - (30 - 30 × 4)}] का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. 118<br>✘ 2. 132<br>✔ 3. 120<br>✘ 4. 141 |

| | |
|---|---|
| Q.49 | सीमा और दर्शन की आय का अनुपात 2 : 3 है। वे क्रमशः ₹15,000 और ₹9,000 की बचत करते हैं। यदि उनके व्यय का अनुपात 12 : 19 है, तो सीमा और दर्शन का कुल व्यय (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. 4,18,000<br>✔ 2. 4,18,500<br>✘ 3. 4,22,000<br>✘ 4. 4,21,000 |

| | |
|---|---|
| Q.50 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?<br><br>JQ29, LS36, NU43, PW50, ? |
| Ans | ✘ 1. RX57<br>✘ 2. RX58<br>✔ 3. RY57<br>✘ 4. RY58 |

| | |
|---|---|
| Q.51 | जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया? |
| Ans | ✘ 1. अनीश दयाल सिंह<br>✔ 2. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह<br>✘ 3. वितुल कुमार<br>✘ 4. कुलदीप सिंह |

Adda247

Q.52 नई और चयनित कविताओं के लिए 2025 पुलित्ज़र फॉर पोएट्री (2025 Pulitzer for Poetry) किसे प्रदान किया गया?

Ans
1. एडा लिमोन (Ada Limón) ✗
2. मैरी होवे (Marie Howe) ✓
3. ओशन वुओंग (Ocean Vuong) ✗
4. ट्रेसी के स्मिथ (Tracy K Smith) ✗

Q.53 HN 19 एक निश्चित तरीके से DK 30 से संबंधित है। JR 11, उसी तरीके से FO 22 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SF 3 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. NB 12 ✗
2. OC 14 ✓
3. NC 14 ✗
4. OB 12 ✗

Q.54 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 164(3) के अंतर्गत राज्य मंत्रियों को पद की शपथ कौन दिलाता है?

Ans
1. भारत का राष्ट्रपति ✗
2. राज्य का मुख्यमंत्री ✗
3. विधानसभा अध्यक्ष ✗
4. राज्य का राज्यपाल ✓

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. IL - GJ ✗
2. KN - IL ✗
3. QT - OR ✗
4. LJ - MK ✓

Q.56 किस संवैधानिक संशोधन ने सहकारी समितियों के गठन के अधिकार को मौलिक अधिकारों के एक भाग के रूप में मान्यता दी?

Ans
1. 97वां संशोधन अधिनियम ✓
2. 93वां संशोधन अधिनियम ✗
3. 11वां संशोधन अधिनियम ✗
4. 99वां संशोधन अधिनियम ✗

Q.57 द्विघात समीकरण $3x^2 - 5x + 2 = 0$ के मूलों की प्रकृति क्या है?

Ans
1. बराबर वास्तविक मूल ✗
2. दो भिन्न वास्तविक मूल ✓
3. मूलों की अनंत संख्या ✗
4. सम्मिश्र मूल ✗

Q.58 एक निश्चित तर्क के अनुसार 45, 5 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 81, 9 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 63, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
1. 9 ✗
2. 7 ✓
3. 6 ✗
4. 8 ✗

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.59 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (आईएफसीआई) की स्थापना कब हुई थी?

Ans
1. 1956
2. 1948
3. 1952
4. 1954

Q.60 'विलम्बित' और 'द्रुत' निम्नलिखित में से किस गायन शैली के दो प्रकार हैं?

Ans
1. ठुमरी
2. ध्रुपद
3. ख्याल
4. टप्पा

Q.61 250 m लंबी एक ट्रेन 7 km/hr की चाल से (समान दिशा में) चल रहे एक व्यक्ति को 50 सेकंड में पार कर लेती है। यह ट्रेन, 28 km/hr की चाल से विपरीत दिशा में चल रही 280 m लंबी दूसरी ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकेंड में) लेगी?

Ans
1. 54
2. 50
3. 49
4. 36

Q.62 2025 में लॉन्च किए गए NVS-02 उपग्रह का उद्देश्य किस भारतीय सिस्टम को परिवर्धित करना है?

Ans
1. INSAT
2. NavIC
3. GSAT
4. IRNSS

Q.63 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹15,165 है। यदि उनके मूल्य का अनुपात 3 : 5 : 7 है, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) कितना है।

Ans
1. 9,099
2. 5,055
3. 21,231
4. 7,077

Q.64 SI 14 एक निश्चित तरीके से WH −2 से संबंधित है। उसी तरह MJ 18, QI 2 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से PV 4 किससे संबंधित है?

Ans
1. KH −7
2. NG −6
3. TU −12
4. HT −8

Q.65 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। R की परीक्षा गुरुवार को होती है। V से पहले किसी की भी परीक्षा नहीं होती है। U की परीक्षा, R से ठीक पहले, लेकिन S के बाद होती है। Q की परीक्षा, T से पहले, लेकिन P के बाद होती है। S और T के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans
1. दो
2. एक
3. चार
4. तीन

Q.66 निरूपक तत्वों का अन्य नाम क्या है?

Ans
1. आंतरिक-संक्रमण तत्व
2. संक्रमण तत्व
3. यूरेनियमोत्तर तत्व
4. मुख्य वर्ग तत्व ✔

Q.67 मार्च 2025 में, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के 56वें स्थापना दिवस का प्रमुख कार्यक्रम कहाँ मनाया गया था?

Ans
1. थक्कोलम, तमिलनाडु ✔
2. पुणे, महाराष्ट्र
3. मुंबई, महाराष्ट्र
4. गुरुग्राम, हरियाणा

Join Telegram Railway News Rooooms

Q.68 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 144 743 290 258 799 (दाएं)

(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटाने पर प्राप्त परिणाम ज्ञात कीजिए।

Ans
1. −7
2. −5 ✔
3. −4
4. −2

Q.69 एक निश्चित कूट भाषा में,'PANT' को '6129' और 'TAPE' को '2956' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 6
2. 9
3. 5 ✔
4. 2

Q.70 यदि PQRS एक आयत है तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

Ans
1. आयत PQRS के विकर्ण एक दूसरे को समद्विभाजित नहीं करते हैं ✔
2. $\angle P = \angle Q = \angle R = \angle S = 90°$
3. विकर्ण $PR$ = विकर्ण $SQ$
4. $PQ = RS$ और $PS = QR$

Q.71 कृषि के विकास के लिए मुहम्मद तुगलक द्वारा खोले गए नए विभाग का नाम क्या था?

Ans
1. दीवान-ए-क़ज़ा
2. दीवान-ए-कोही ✔
3. दीवान-ए-विज़ारत
4. दीवान-ए-रिसालत

Q.72 UN का सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान, चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवार्ड, 2024 किसने जीता?

Ans
1. रामदेव मिश्रा
2. जीशान खान
3. सुन्दरलाल बहुगुणा
4. माधव गाडगिल ✔

Q.73 किस ड्रामा को वर्ष 2025 पुलित्जर ड्रामा पुरस्कार (2025 Pulitzer Prize for Drama) मिला?

Ans
1. द मिनट (The Minutes)
2. फैट हैम (Fat Ham)
3. पर्पज (Purpose)
4. इंग्लिश (English)

Q.74 वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता कौन-सा क्षेत्र है?

Ans
1. विनिर्माण क्षेत्र
2. कृषि क्षेत्र
3. खनन क्षेत्र
4. सेवा क्षेत्र

Q.75 2025 एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप पुरुष खिताब किसने जीता?

Ans
1. अहसान रमजान
2. पंकज आडवाणी
3. आमिर सरकोश
4. हबीब शालाबी

Q.76 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M + N – O × P ÷ Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
1. माता की बहन का पति
2. पिता की बहन का पति
3. पिता की बहन का पुत्र
4. माता की बहन

Q.77 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

79 77.8 76.6 ? 74.2 73

Ans
1. 74.8
2. 76
3. 75.4
4. 74.6

Q.78 विराट बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है फिर से बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। फिर से वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनत्तम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 6 km, पश्चिम की ओर
2. 7 km, पूर्व की ओर
3. 7 km, पश्चिम की ओर
4. 6 km, पूर्व की ओर

Q.79 एक आयताकार पिच की लंबाई, इसकी चौड़ाई से 30 m अधिक है। इसका क्षेत्रफल 18,271 $m^2$ है। इसकी चौड़ाई (m में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 131
2. 121
3. 113
4. 124

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.80 तीन संख्याओं का अनुपात 20 : 14 : 6 है। यदि पहली संख्या का 65 प्रतिशत 39 है, तो तीसरी और दूसरी संख्या के अंतर का 50 प्रतिशत कितना होगा?

Ans
✔ 1. 12
✘ 2. 11
✘ 3. 14
✘ 4. 10

Q.81 पूंजी खाता परिवर्तनीयता से तात्पर्य सीमाओं के पार पूंजी की मुक्त आवाजाही से है। निम्नलिखित में से किस समिति ने पूर्ण पूंजी खाता परिवर्तनीयता की अनुशंसा की थी?

Ans
✘ 1. सुरेश तेंदुलकर समिति
✘ 2. रंगराजन समिति
✔ 3. तारापोर समिति
✘ 4. अशोक मेहता समिति

Q.82 किस द्वीप का नाम बदलकर स्वराज द्वीप रखा गया?

Ans
✘ 1. नील द्वीप
✘ 2. रॉस द्वीप
✘ 3. बैरन द्वीप
✔ 4. हैवलॉक द्वीप

Q.83 यदि किसी सम बहुभुज के प्रत्येक बाह्य कोण की माप 30° है, तो बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 16
✘ 2. 14
✘ 3. 10
✔ 4. 12

Q.84 डेविड अपनी आय का 55% खर्च करता है। यदि वह ₹36,000 की बचत करता है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी है?

Ans
✘ 1. 19,800
✘ 2. 79,000
✔ 3. 80,000
✘ 4. 81,000

Q.85 बिकाश बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 1 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो)

Ans
✔ 1. 3 km, उत्तर की ओर
✘ 2. 2 km, उत्तर की ओर
✘ 3. 1 km, उत्तर की ओर
✘ 4. 4 km, उत्तर की ओर

Q.86 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JQ-NU-RT
MT-QX-UW

Ans
✔ 1. CJ-GN-KM
✘ 2. DJ-GN-KL
✘ 3. DJ-GM-KL
✘ 4. CJ-GN-KL

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.87 यदि संख्या 3582147 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. 3
2. 2
3. 0
4. 1

Q.88 अल्जीरिया आधिकारिक तौर पर न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) का सदस्य कब बना?

Ans
1. जनवरी 2025
2. फरवरी 2025
3. मई 2025
4. मार्च 2025

Q.89 निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

59, 34, 84, 70, 56, 99, 98, 49, 76, 19, 69

Ans
1. 68.5
2. 69
3. 69.5
4. 70

Q.90 सितंबर 2024 में, भारत सरकार ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव की व्यवहार्यता और कार्यान्वयन की जांच के लिए किस व्यक्ति की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया?

Ans
1. न्यायमूर्ति आर.एम. लोढ़ा
2. न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण
3. राम नाथ कोविंद
4. वेंकैया नायडू

Q.91 1950 के दशक से पहले संरचनात्मक अध्ययनों के लिए इंटैक्ट DNA को पृथक करने में अक्षमता मुख्य रूप से किस आण्विक विशेषता के कारण थी?

Ans
1. DNA का उच्च गलनांक
2. DNA की UV निम्नीकरण के प्रति सुग्राहिता
3. DNA की हिस्टोन प्रोटीन के साथ अन्योन्यक्रिया
4. DNA की बृहद बहुलक प्रकृति और भंगुरता

Q.92 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

CXS EZU GBW IDY ?

Ans
1. KAF
2. FKA
3. FAK
4. KFA

Q.93 किस अधिनियम में कहा गया था कि मद्रास और बम्बई प्रेसिडेंसियां युद्ध, कूटनीतिक संबंधों और राजस्व के सभी मामलों में बंगाल प्रेसिडेंसी के अधीन होंगी?

Ans
1. पिट्स इंडिया एक्ट, 1784
2. चार्टर एक्ट 1813
3. चार्टर एक्ट 1793
4. चार्टर एक्ट 1833

Adda247

**Q.94** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, भारत में पंचायती राज व्यवस्था के तीन स्तर/टियर को सटीक रूप से निरूपित करता है?

**Ans**
1. ग्राम पंचायत, ब्लॉक असेंबली, राज्य विधानसभा ✗
2. ग्राम पंचायत, ब्लॉक समिति, जिला परिषद ✓
3. ग्राम सभा, नगर परिषद, छावनी बोर्ड ✗
4. ग्राम पंचायत, नगर निगम, जिला परिषद ✗

**Q.95** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

882 880 876 870 862 ?

**Ans**
1. 856 ✗
2. 854 ✗
3. 850 ✗
4. 852 ✓

**Q.96** यदि $\cot\theta = \frac{7}{8}$ है, तो $\frac{8(1+\sin\theta)(1-\sin\theta)}{7(1+\cos\theta)(1-\cos\theta)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. $\frac{7}{8}$ ✓
2. $\frac{64}{49}$ ✗
3. $\frac{8}{7}$ ✗
4. $\frac{49}{64}$ ✗

**Q.97** औपनिवेशिक शासन के दौरान खाद्य फसलों की तुलना में वाणिज्यिक फसलों को प्राथमिकता दी गई थी। निम्नलिखित में से कौन-सा ब्रिटिश द्वारा प्रचारित वाणिज्यिक फसल का उदाहरण है?

**Ans**
1. बाजरा ✗
2. नील ✓
3. गेहूं ✗
4. चावल ✗

**Q.98** फरवरी 2025 में, भारत सरकार ने पश्चिम अफ्रीकी देशों में उनके दुरुपयोग और संबंधित स्वास्थ्य जोखिमों पर चिंताओं के कारण किन दो ओपिओइड (opioid) दवाओं के निर्माण और निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया?

**Ans**
1. ऑक्सीकोडोन और हाइड्रोकोडोन (Oxycodone and Hydrocodone) ✗
2. टेपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल (Tapentadol and Carisoprodol) ✓
3. कोडीन और ट्रामाडोल (Codeine and Tramadol) ✗
4. मॉर्फिन और फेंटेनाइल (Morphine and Fentanyl) ✗

**Q.99** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
1. KOJ ✗
2. MQL ✗
3. RVQ ✗
4. OSM ✓

Adda247

Q.100 विंडोज़ में कौन-सा फीचर आपको गलती से डिलीट हुई फ़ाइलों को पुनर्प्राप्त (recover) करने की सुविधा देता है?

Ans

1. डिस्क क्लीनअप (Disk Cleanup)

2. रीसायकल बिन (Recycle Bin)

3. टास्क मैनेजर (Task Manager)

4. कंट्रोल पैनल (Control Panel)